

# रेटिनल वेन ऑक्ल्यूशन


## रेटिनल वेन ऑक्ल्यूशन के लक्षण, रोकथाम और इलाज






# रेटिनल वेन ऑक्ल्यूशन (आरवीओ) क्या है?

रेटिनल वेन ऑक्ल्यूशन को कभी–कभी "आई स्ट्रोक" कहते हैं। यह आपके रेटिना से आपके दिल तक रक्त वापस लौटाने वाली नसों में से एक में ब्लॉकेज है। आपके रेटिना की नसों में रक्त के थक्के या तरल पदार्थ के जमा होने से ब्लॉकेज आपके रेटिना की रोशनी को फ़िल्टर करने की क्षमता और देखने की क्षमता को ख़राब कर देती है। देखने की क्षमता में कमी की गंभीरता इस बात पर निर्भर करती है कि कौन सी नस ब्लॉक है।





# आरवीओ के प्रकार


रेटिनल वेन ऑक्ल्यूशन दो प्रकार का होता है: सेंट्रल रेटिनल वेन ऑक्ल्यूशन (सीआरवीओ) रेटिना की केंद्रीय नस की ब्लॉकेज है और ब्रांच रेटिनल वेन ऑक्ल्यूशन (बीआरवीओ) छोटी शाखा नसों में से एक की ब्लॉकेज है। जब एक रेटिना नस ब्लॉक हो जाती है, तो यह रेटिना से रक्त नहीं निकाल पाती है। इससे ब्लॉक ब्लड वेसल्स से रक्तस्राव और द्रव का रिसाव होता है।


# संकेत और लक्षण

रेटिनल वेन ऑक्ल्यूशन का प्राथमिक लक्षण धुंधला, विकृत या देखने की क्षमता में कमी है जो आमतौर पर अचानक शुरू होती है और अक्सर सिर्फ़ एक आंख में होती है।

# आरवीओ का क्या कारण है?



एथेरोस्क्लेरोसिस


धूम्रपान




ग्लूकोमा


उच्च रक्तचाप


मैक्यूलर एडिमा


डायबिटीज


हाई कोलेस्ट्रॉल


रक्त के थक्के जमने की समस्या

# आरवीओ का कैसे पता लगाया जाता है?

आरवीओ का पता आंखों की व्यापक जांच से लगाया जाता है, जिसमें देखने की क्षमता और दबाव की जांच, और आपकी आंख की सतहों और वेसल्स की जांच शामिल है। आरवीओ का पता लगाने की अन्य जांच में शामिल हैं:


## ऑप्थाल्मोस्कोपी

ऑप्थाल्मोस्कोपी रेटिना संरचना का पूरा नजारा दिखाती है।




## ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफ़ी (ओसीटी)

यह एक डायग्नोस्टिक तकनीक है जो हाई रिज़ॉल्यूशन पिक्चर के साथ रेटिना की साफ इमेज देती है।



## फ़ंडस फ़्लोरेसिन एंजियोग्राफ़ी (एफ़एफ़ए)

यह एक सामान्य प्रक्रिया है जो रेटिना ब्लड वेसल्स की स्थिति के बारे में ज़्यादा जानकारी पाने के लिए की जाती है। एक डाई को आपकी बांह में इंजेक्ट किया जाता है जो आपकी रेटिना की नसों तक जाती है, जिससे ब्लॉकेज की तस्वीर खींची जा सकती है।



# आरवीओ का इलाज कैसे किया जाता है?


## एंटी–वीजीईएफ़ इंजेक्शन थेरेपी




आरवीओ में, मैक्युला में रक्त और तरल पदार्थ के रिसने से सूजन हो जाती है, इस स्थिति को मैक्यूलर एडिमा कहते हैं, जो धुंधलापन और/या देखने की क्षमता में कमी का कारण बनता है। एंटी वैस्कुलर एंडोथेलियल ग्रोथ फ़ैक्टर (एंटी–वीईजीएफ़) इंजेक्शन ब्लड वेसल्स से रिसाव को रोकता है और मैक्यूलर एडिमा को कम करता है और बाद में देखने की क्षमता में होने वाली कमी से बचाता है। दवा का असर एक महीने या शायद उससे ज़्यादा समय तक रहता है, इसलिए आपको कितने इंजेक्शन लगेंगे, यह आपकी स्थिति और आपके डॉक्टर की सलाह पर निर्भर करेगा।

एंटी वैस्कुलर एंडोथेलियल ग्रोथ फ़ैक्टर एंटी–वीईजीएफ़ इंजेक्शन से इलाज करने पर देखने की ज़रूरी क्षमता (रंग, चमक और स्पष्टता) और कई गतिविधियों जैसे पढ़ना, टेलीविजन देखना, कार चलाना आदि में सुधार हो सकता है जो बेहतर ज़िंदगी जीने में मदद करते हैं।









## कॉर्टिकोस्टेरॉइड थेरेपी

स्टेरॉयड वेसल वॉल को स्थिर कर सकते हैं और वैस्कुलर पर्मीबिलिटी को कम कर सकते हैं। इसे इंट्राविट्रियल इंजेक्शन के रूप में या निरंतर–जारी इम्प्लांट के जरिए दिया जा सकता है।


## लेजर फ़ोटोकोगुलेशन


सीआरवीओ मरीजों में मैक्यूलर एडिमा के इलाज में ग्रिड लेजर फ़ोटोकोगुलेशन असरदार नहीं रहा है। बिना इलाज वाले मरीजों के मुक़ाबले इससे देखने की क्षमता में कोई फ़ायदा नहीं होता है, और इसलिए सीआरवीओ मरीजों के लिए इसकी सलाह नहीं दी जाती है।





## नियमित देखभाल


क्योंकि यह बीमारी नसों में होती है इसलिए आप अपने ब्लड वेसल्स की रक्षा करके और स्वस्थ वैस्कुलर टिशू बनाए रखकर इसके जोखिम को कम कर सकते हैं। स्वस्थ रहन–सहन और आहार बदलाव में शामिल हैं:


धूम्रपान से बचें


अपने ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल के लेवल को बनाए रखें


नियमित रूप से व्यायाम करें


साल में कम से कम एक बार आंखों की जांच


गहरे रंग की, पत्तेदार हरी सब्जियां खूब खाएं

नियमित रूप से आंखों की जांच कराने से आपके डॉक्टर को आंखों की किसी भी बीमारी का जल्द पता लगाने और उसका निदान करने में मदद मिलेगी।









**Disclaimer:** This material is for information purpose only. It does not replace the advice or counsel of a doctor or healthcare professional. We make every effort to provide accurate and timely information but make no guarantees in this regard. You should consult comply with only on the advice of your ophthalmologist or healthcare professional.

RAZUMAB™
Ranibizumab 0.5 mg Injection

INTAS

Scan the QR Code to know more about Razumab

ENGLISH 2160450

**INTAS PHARMACEUTICALS LIMITED**
Near Sola Bridge, S.G. Highway, Thaltej,
Ahmedabad – 380054, Gujarat, INDIA.
Website : www.intaspharma.com